तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **बलदेव राम चौधरी** **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी, (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर)** सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353953384968059	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
31/07/25	अपीलार्थी बलदेव राम चौधरी निवासी सैलो की ढ़ाणी, सिंधीपुरा, पीपाड़ शहर, जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत उनके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में दिनांक 26.05.2025 को प्रतापसिंह भाटी, स्टाम्प विक्रेता तहसील भोपालगढ़, जिला जोधपुर लाईसेन्स न 3, 59, एवं 84 के द्वारा 40 रूपये का स्टाम्प क्रमांक 569 दिनांक 11.10.1985 को जयराम पुत्र गोरधनराम जाति जाट निवासी कागल तहसील भोपालगढ़ के नाम वास्ते– गोदनामा, हस्ते–खुद आयु 41 वर्ष के नाम स्टाम्प जारी किया गया है उक्त 40 रूपये स्टाम्प का इन्द्राज, स्टाम्प विवरण रजिस्टर में इन्द्राज प्रविष्टिया एवं स्वयं जयराम के हस्ताक्षर सहित इन्द्राज सहित इन्द्राज प्रविष्टि की सत्य प्रमाणित प्रति एवं अन्य बिन्दुओं से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर अपीलार्थी अनुपस्थित। रेस्पो. पक्ष (अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) ने जरिये पत्रांक 775 दिनांक 28.07.2025 से बतलाया कि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना के संबंध में प्रभारी अधिकारी जिला अभिलेखागार शाखा कार्यालय हाजा ने दिनांक 06.06.2025 से चाही गई सूचना के स्पष्टीकरण से प्रार्थी को अवगत कराया गया। चूंकि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना के स्पष्टीकरण से लोक सूचना अधिकारी द्वारा प्रार्थी को अवगत करा दिया गया है अतः लोक सूचना अधिकारी कार्यालय स्तर पर कोई कार्यवाही अपेक्षित नही होने से अपील इस स्टेज पर निरस्त योग्य होने से निरस्त की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर	

Signature valid
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2025.07.31 17:01:01 IST
Reason: Approved